दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 01 दिसम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 63

## हैदराबाद में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठी चार्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। हैदराबाद में महिला डॉक्टर की गैंगरेप के बाद हत्या की घटना से पूरे देश स्तंभ रह गया है। हैदराबाद से लेकर दिल्ली तक लोग में रोष व्याप्त है। हैदराबाद में महिला पशु चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ शादनगर पुलिस स्टेशन के बाहर लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां पर लोग काफी उग्र हो गए हैं। पुलिस वहां पर लाठी चार्ज कर दिया है। वहीं दिल्ली में भी आज कई स्थानों पर छात्रों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया।

### » दिल्ली महिला आयोग ने लिया संज्ञान



अनु दुबे नाम की एक छात्रा को इसी मुद्दे पर संसद के बाहर प्रदर्शन करने पर पार्ल्यामेंट स्ट्रीट थाने में हिरासत में ले लिया गया। छात्रा का आरोप है कि उसे 4 घंटे से अधिक वक्त तक पुलिस स्टेशन में रखा गया। इस घटना पर दिल्ली महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। अनु पर दिल्ली पुलिस के द्वारा मारपीट करने की भी बात सामने आ रही है। उसको तीन महिला कांस्टेबल ने पीटा है।

ज्ञात हो कि हैदराबाद में 27 साल की महिला पशु चिकित्सक का शव एक टोल प्लाजा के पास मिला है। महिला डॉक्टर बुधवार को कोल्लुरु स्थित पशु चिकित्सालय गई थी। महिला डॉक्टर ने अपनी स्कूटी को शादनगर के टोल प्लाजा के पास ही पार्क कर दिया था। रात में जब वह वापस लौटी तो उसकी स्कूटी पंक्चर मिली। फिर महिला डॉक्टर ने अपनी बहन को फोन किया और इसके बारे में जानकारी दी। इस पर बहन ने महिला डॉक्टर को टोल प्लाजा जाने और कैब से आने की सलाह दी। महिला डॉक्टर ने यह भी कहा कि कुछ लोग सहायता करने की पेशकश कर रहे हैं। फिर इसके बाद महिला डॉक्टर का मोबाइल फोन स्वीच ऑफ हो गया था।

गुरुवार सुबह शादनगर के अंडरपास के पास उसकी जली हुई लाश मिली। इस घटना के सामने आने के बाद देशभर से इसको लेकर तीखी प्रतिक्रिया आई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अलावा खेल जगत और फिल्मी दुनिया से जुड़ी हस्तियों ने भी इस घटना पर दुख जताया और वीभत्स करार दिया है।

## हॉस्टल रूम में मिला मेडिकल छात्रा का शव



नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य दिल्ली जिला स्थित कस्तूरबा गांधी अस्पताल में मेडिकल की छात्रा ने संदिग्ध हालातों में आत्महत्या कर ली। 26 वर्षीय छात्रा का शव सुबह हॉस्टल रूम में मिला। मौके से पुलिस के सुसाइड नोट भी मिला है। छात्रा मूलतः तेलंगाना राज्य की रहने वाली थी। घटना के बारे में मध्य दिल्ली जिला के जामा मस्जिद थाने में केस दर्ज किया गया है। छात्रा पोस्ट ग्रेजुएशन दूसरे वर्ष की छात्रा थी। प्राथमिक छानबीन में ऐसा मालूम पड़ता है कि छात्रा की मौत नशे के इंजेक्शन से हुई है।

पुलिस को घटना की सूचना शुक्रवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे मिली। मौके से बरामद एक पेज के सुसाइड नोट में मौत के लिए छात्रा ने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले ही हुई दादी की मौत से भी छात्रा मानसिक रूप से परेशान थी।

सुसाइड नोट में छात्रा ने घटना के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। छात्रा ने पत्र के जरिये सबसे माफी भी मांगी है। इतना घातक कदम उठाने से पहले पत्र में छात्रा ने मां-पिता को आई लव यू लिखा है, जबकि भाई-बहन और बाकी रिश्तेदारों से माफी मांगी है।

पता चला है कि छात्रा की दादी की 22 नवंबर को ही मौत हो गई थी। दादी की बीमारी के दौरान छात्रा दिल्ली से छुट्टी लेकर तेलंगाना भी गई थी। वहां उसने हर लम्हा दादी के साथ ही बिताया। छात्रा दादी के बेहद करीब थी। परिजन इस बात से इनकार नहीं कर रहे हैं कि, दादी के विछोह में ही कहीं उसने इतना घातक कदम न उठा लिया हो।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुलाबी बाग में महिला की रेप के बाद हत्या, घर में मिली लाश

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाके गुलाबी बाग में शनिवार सुबह एक महिला की लाश उसके फ्लैट से बरामद हुई। महिला की हत्या की गई है। मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है। पुलिस के अनुसार, महिला की हत्या जिस क्रूरता से की गई है, मौके पर पहुंची पुलिस टीम भी हैरत में है। महिला की उम्र करीब 55 साल है। वह फ्लैट में अकेली रहती थी। घटनास्थल पर मौजूद दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, महिला एक दुकान चलाती थी। मौके के हालात हत्या से पहले महिला के साथ दुष्कर्म की ओर भी इशारा कर रहे हैं। घटना की जानकारी पुलिस को सुबह करीब नौ बजे तब मिली, जब महिला ने रोज की तरह अपनी दुकान नहीं खोली। पड़ोसियों ने घर के अंदर झांककर देखा तो महिला मृत पड़ी थी। मौके पर फिलहाल दिल्ली पुलिस की टीम, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड मौजूद हैं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अभी तक जो कुछ सामने देखने को मिला है, उससे वारदात में किसी परिचित का हाथ लग रहा है। मगर अभी इस बारे में स्पष्ट कह पाना जल्दबाजी हो सकती है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, महिला अर्धनग्न हालत में मिली है, और बदन पर जो थोड़े बहुत कपड़े मिले हैं, वे भी फटे हुए हैं।

### पुल से नदी में गिरी तेज रफ्तार पिकअप वैन, सात लोगों की मौत, 20 घायल

धुले (आरएनएस)। महाराष्ट्र के धुले तहसील में एक पिकअप वैन के पुल से नीचे नदी में गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई जबकि 20 लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे है। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा रात 2 से 3 बजे की बीच धुले-सोलापुर रोड के पास स्थित विंचूर गांव में हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को उपचार के लिए वैजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया है। हादसे का शिकार हुए लोग महाराष्ट्र के उस्मानाबाद के खेतों में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। मजदूरों के साथ उनके परिवार के लोग भी थे।बताया जा रहा है कि पिकअप वैन की रफ्तार तेज होने के कारण यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर का नियंत्रण गाड़ी पर से छूट गया और वाहन पुल से सीधा नदी में जा गिरा। ज्यादा मृतक मध्य प्रदेश के बडवानी जिले के हैं। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

### कैलिफोर्निया में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**» हमलावर सीसीटीवी में कैद**

मैसूर (आरएनएस)। कैलिफोर्निया में एक 25 वर्षीय भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात हमलावर ने छात्र को गोली मारी। छात्र सैन बर्नारडिनो की कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रहा था। मृतक की पहचान अभिषेक सुदेश भट के तौर पर हुई है जो मूल रूप से मैसूर का निवासी था। वह एक मोटल में पार्ट टाइम नौकरी करता था। अभिषेक पर हमला उस समय हुआ जब वह काम से घर लौट रहा था। उसके परिवार के सदस्यों का कहना है कि उन्हें हमले के मकसद और हमलावर की पहचान के बारे में नहीं पता है।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ एम्स, बैंक खातों से गायब हुए 12 करोड़ रुपए

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को ही इस बार साइबर ठगों ने निशाने पर ले लिया। साइबर अपराधियों ने चेक क्लोनिंग के जरिए अस्पताल के दो अलग-अलग बैंक खातों से करीब 12 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। इस घटना की जानकारी होते ही एम्स प्रशासन में हड़कंप मचा गया। सूत्रों के मुताबिक, जालसाजों द्वारा करोड़ों रुपये की चपत लगाए जाने के बाद इस घटना के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को एम्स ने सूचित कर दिया है।

घटना कुछ दिन पहले की ही बताई जाती है। पीड़ित एम्स प्रशासन और जांच कर रही दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा का कोई भी आला पुलिस अफसर फिलहाल इस मामले पर बोलने को तैयार नहीं है। उधर जिन खातों में सेंध लगी है, वे देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में बताए जाते हैं। संबंधित बैंक ने भी इस मामले में अपने स्तर पर आंतरिक जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक की जांच में बैंक के हाथ लगा कुछ भी नहीं है।

दिल्ली पुलिस के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर शनिवार को बताया, यह सीधे-सीधे साइबर क्राइम का मामला है। 12 करोड़ रुपये एम्स के जिन दो खातों से निकाले गए हैं, उनमें से एक खाता एम्स के निदेशक के नाम और दूसरा खाता डीन के नाम का बताया जाता है। साइबर ठगी की इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम चेक-क्लोनिंग के जरिए दिया गया है।

## सरकार को स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के इतिहास पर शोध और संकलन करने राज्यों की प्रोत्साहित जरुरीःनायडू

### » उपराष्ट्रपति ने कुंजा बहादरपुर के बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिद्वार (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार को स्वतंत्रता संग्राम के स्थानीय नायकों पर शोध और उनके इतिहास का संकलन करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने इस इतिहास को स्थानीय भाषाओं में भी प्रकाशित करने पर जोर दिया ताकि इसे अधिकतम लोगों तक पहुंचाया जा सके।



उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में कुंजा बहादुर गाँव में शहीद राजा विजय सिंह और उनके साथियों की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में नायडू ने अंग्रेजों के खिलाफ राजा विजय सिंह के साथ कुंजा बहादुर गांव के लोगों की वीरता की कहानियों को याद किया।

अंग्रेजों ने वर्ष 1824 तक भारत के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। उसी समय राजा विजय सिंह ने आजादी की घोषणा की। उन्होंने गढ़वाल, कुमाऊँ, बिजनौर, सहारनपुर और मेरठ जैसे आस-पास के क्षेत्रों से एक हजार लोगों की सेना बनाई और अंग्रेजों को कर देना बंद कर दिया। उन्होंने इलाके से अंग्रेजों के कब्जे के सभी प्रतीकों को हटा दिया।

अंग्रेजों ने कुंजा बहादुर के किले पर हमला कर दिया। इस भीषण युद्ध में लगभग 40 अंग्रेज मारे गए और सैकड़ों गुर्जर सैनिक शहीद हुए। अंग्रेजों ने लोगों पर अनगिनत अत्याचार किए। उन्होंने सैकड़ों लोगों को एक ही पेड़ से लटका दिया। राजा विजय सिंह और उनके बहादुर जनरल कल्याण सिंह को भी अंग्रेजों ने काट डाला और देहरादून जेल के सामने उनके शवों को रख दिया।

उन्होंने कहा कि राजा विजय सिंह और उनके लोगों ने 1857 में आजादी की पहली लड़ाई से तीन दशक पहले 1824 में आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, लेकिन यह विडंबना है कि कुंजा बहादुरपुर जैसी कहानियां हमारे इतिहास में नजरअंदाज की गई।

## यमन में एक साल तक बंधक रहे 9 भारतीय मछुआरे, नाव चुराकर पहुंचे भारत

कोच्चि (आरएनएस)। यमन में एक सुल्तान की कैद से भागे नौ भारतीय मछुआरे जब कोच्ची तट पर पहुंचे तो आंखों के आंसू उनकी खुशी ब्यां कर रहे थे। 10 दिन तक 3000 किलोमीटर लंबा समुद्री सफर तय करने के बाद सभी मछुआरों ने भारतीय सरजमीं पर पैर रखे तो घुटनों के बल बैठ गए और धरती को चूमा। उनकी खुशी का ठिका नहीं था। जानकारी के अनुसार 9 भारतीय मछुआरों को यमन में एक सुल्तान ने बीते एक साल से बंधक बनाकर रखा था। उनमें से 2 केरल व 7 मछुआरे तमिलनाडु के थे। इन मछुआरों से जरूरत से ज्यादा काम कराया जाता था और मारा-पीटा जाता था।



मछुआरों ने किसी तरह अपने मालिक की नाव चुरा ली और 10 दिनों तक 3000 किलोमीटर लंबा समुद्री सफर तय करने के बाद भारत पहुंच गए। कोच्चि तट से 75 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद भारतीय कोस्ट कार्ड के जवानों ने जब मछुवारों की नाव को रोका तो उन्होंने अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इस नाव के बारे में कोस्ट गार्ड के डॉर्नियर एयरक्राफ्ट को जानकारी मिली थी। बताया जाता है कि 13 दिसंबर 2018 को इन मछुआरों ने मछलियां पकड़ने के लिए तिरुवनंतपुरम का तट छोड़ा था। वह मछली पकड़ने के चक्कर में काफी आगे निकल आए और उन्हें यमन में कैद कर लिया गया। वह उन्हें नाव में रखता था और काफी काम कराता था। इन मछुआरों को दिनभर में केवल एक बार खाने को दिया जाता था। मछुआरों ने बताया कि उन्होंने जिस नाव को चुराया था उसमें प्याज और ईंधन और खाने पीने का कुछ सामान पहले से मौजूद था, जिसके कारण वह 3000 किलोमीटर का सफर तय कर सके।

## कोर्ट ने केजरीवाल को 13 दिसंबर से पहले हाजिर होने के दिए निर्देश

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में एक अदालत ने अवमानना के एक मामले में जमानत लेने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 13 दिसंबर से पहले व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विशाल पाहूजा ने मामले की सुनवाई 13 दिसंबर को तय करते हुए कहा कि यह गौर करने वाली बात है कि आरोपी ने अभी तक जमानत नहीं ली है। इस प्रकार मामले को अग्रिम जमानत बॉन्ड भरने के साथ-साथ अनुच्छेद 251 सीआरपीसी के अंतर्गत औपचारिक नोटिस के लिए स्थगित किया गया है। आरोपी को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया जाता है। कोर्ट ने विकास सांकृत्यायन द्वारा दायर अवमानना मामले में सुनवाई कर रहा था।

## डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2020 के लिए आवेदन आमंत्रित किए

नईदिल्ली (आरएनएस)। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपी आई आईटी) ने पहली बार राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार संस्थान की घोषणा की है। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार उन उत्कृष्ट स्टार्टअप्स और पारिस्थितिकी तंत्र के अनुकूल काम करने वालों की पहचान कर पुरस्कृत करना चाहती है जो रोजगार सृजन या धन सृजन की उच्च क्षमता के साथ अभिनव उत्पाद या समाधान और मापनीय उद्यमों का निर्माण करते हैं और जो सामाजिक प्रभाव प्रदर्शित करते हैं। पुरस्कारों के शुभारंभ की घोषणा करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग और रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सफलता का पैमाना निवेशकों के लिए केवल वित्तीय लाभ हासिल करना नहीं बल्कि समाज की भलाई में उनका योगदान भी है। पुरस्कारों के लिए 31 दिसंबर 2019 तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में उन असाधारण स्टार्टअप्स की पहचान करेगा जो वास्तविक समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अभिनव समाधान कर रहे हैं, अभिनव प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों का विकास कर रहे हैं, मापनीय, टिकाउ एवं जिम्मेदार व्यवसाय तैयार कर रहे हैं और औसत दर्जे का विकासात्मक लाभ प्रदान कर रहे हैं।

## जापानी विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री की पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत-जापान विदेश एवं रक्षा मंत्री संवाद (22) के उद्घाटन बैठक में शामिल होने के लिए भारत दौरे पर आए जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और रक्षा मंत्री तारो कोनो ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री ने आगन्तुक मंत्रियों का स्वागत किया और अक्टूबर, 2018 में जापान में आयोजित 13वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान स्वयं और जापान के प्रधानमंत्री अबे द्वारा निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में दोनों पक्षों के सक्षम होने पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह बैठक भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय रणनीति, सुरक्षा और रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों, क्षेत्र और पूरी दुनिया के लाभ के लिए भारत-जापान संबंधों के सर्वांगीण विकास के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच नियमित तौर पर उच्च स्तरीय विनिमय रिश्ते की गहराई और ताकत का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे और प्रधानमंत्री अबे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर बहुत जोर देते हैं। उन्होंने बताया कि वे अगले महीने भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री अबे का भारत में स्वागत करने को उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के साथ भारत का संबंध भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए हमारी दृष्टि का एक प्रमुख घटक है और इसके साथ ही भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी की आधारशिला भी है।

## विकास की गति के साथ एकता एवं सामाजिक सशक्तिकरण बढ़ाः मोदी

### » मोदी कार्यकाल के 180 दिन पूरे

नई दिल्ली (आरएनएस)। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल ने 30 नवंबर को छह महीने पूरे कर लिए हैं। इसे लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो ट्वीट किया। उन्होने कहा कि सरकार ने कई फैसले लिए हैं, जिन्होंने देश के विकास को गति दी है, सामाजिक सशक्तिकरण को और एकता को बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को मोदी-2 सरकार के पहले के छह महीने पूरे पर कहा कि श्सबका



साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' से प्रेरित होकर और 130 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद से राजग सरकार ने भारत को विकसित करने और नए सिरे से 130 करोड़ भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में काम करना जारी रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने के दौरान हमने कई निर्णय लिए हैं, जिन्होंने विकास को गति दी है, सामाजिक सशक्तिकरण को गति दी है और भारत की एकता को बढ़ाया है। हम आने वाले समय में और भी अधिक काम करने की आकांक्षा रखते हैं ताकि हम एक समृद्ध और प्रगतिशील न्यू इंडिया का निर्माण कर सकें।

**मोदी सरकार के 6 महीने में रचा इतिहास** - मोदी-2 सरकार के पहले के छह महीने में देश की एकता और अखंडता के लिए तीन महत्वपूर्ण काम ऐतिहासिक कदम का संकेत दे रहे हैं, अब मोदी सरकार के सामने नागरिकता संहिता लागू करने का बड़ा काम है, जिसके लिए संसद के मौजूदा सदन में कांग्रेस व कुछ अन्य विपक्षी दलों के विरोध के सामने यह विधेयक पारित कराना एक बड़ी चुनौती माना जा रहा है। मोदी सरकार अपने इस फैसले को सबसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक खुद अपने भाषणों में इस फैसले का जिक्र करना नहीं भूलते। दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनावों में कश्मीर को ही सबसे आगे रखा और प्रमुख चुनावी एजेंडे के तौर पर पेश किया।

**तीन तलाक के खिलाफ कानून-** महाराष्ट्र के इस ताजा झटके से थोड़ा पहले चलें तो मोदी सरकार के 6 महीने कई बड़े फैसलों के गवाह बने। दूसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने सबसे पहले मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाने का कदम उठाया। श्मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक-2019श् को लोकसभा और राज्यसभा से पारित कराया गया। राज्यसभा में बहुमत न होने के बाद भी मोदी सरकार इस कानून को अमलीजामा पहनाने में कामयाब रही।.